Reg. No. | | | | | | | | |

**BBAHDL 231**

## Third Semester B.B.A. Examination, April 2021
## (Choice Based Credit System)
## (2020-21 Batch Onwards)
## COMPULSORY FOUNDATION LANGUAGE HINDI
## (Group – III) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(5×1=5)**

1) कुंवर उदयसिंह कौन है ?

2) 'रीढ़ की हड्डी' के लेखक कौन हैं ?

3) 'बहु की विदा' किस समस्या पर आधारित है ?

4) 'सबसे बडा आदमी' किस शैली में लिखा गया है ?

5) चिरौंजी एक रोटी में कितने स्लाइसें निकालता है ?

II. किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×5=15)**

1) ''अन्नदाता ! प्यार करने में जबान पर कैसे आये ? वो तो दिल की बात है . . . . ''

2) ''आजकल तो लड़की कितनी ही सुंदर हो, बिना टीप-टाप के भला कौन पूछता है ?''

3) ''ठीक कह रहा हूँ । मेरा फैसला आखरी है । विदा तभी होगी जब पाँच हजार नकद इस हाथ पर रख देंगे ।''

4) ''गालियों के अलावा कभी सीधी बात नहीं निकली मूँह से ? जब देखो तब बेढ़ंगी बातें'' ।

5) ''कल्पना के लोक में जो आदमी विचरता है, वह कायर है ।''

III. ''रीढ़ की हड्डी'' एकांकी की कथावस्तु लिखिए । **(1×10=10)**

**अथवा**

''बहू की विदा'' एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

P.T.O.

IV. ''सपनों की होम डिलिवरी'' उपन्यास में चित्रित समकालीन जीवन की समस्याओं का वर्णन कीजिए । (1×10=10)

अथवा

''सपनों की होम डिलिवरी'' में चित्रित रुचि शर्मा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए । (2×5=10)

1) गगन ।

2) अंश ।

3) प्रभाकर शर्मा ।

VI. अ) सरलवाक्य में लिखिए । (3×1=3)

1) यदि वह पढ़ता तो निश्चय ही उत्तीर्ण होता ।

2) वे सारे लोग जो कल यहाँ आए थे मेरे पड़ोसी हैं ।

3) निराला वीरता के अवतार थे किन्तु हृदय से बडे कोमल थे ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को उचित विराम चिन्ह लगाकर लिखिए । (3×1=3)

1) गालों पर तिल है

2) वह परीक्षा में उत्तीर्ण हो गया क्योंकि परिश्रम करता था

3) तुम्हारे विद्यालय का नाम क्या है

इ) 1) बस चालकों की असावधानी से हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को एक औपचारिक पत्र लिखिए । (2×5=10)

अथवा

बस कंडक्टर के सहानुभूति पूर्ण और विनय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए परिवहन निगम के प्रबंधक को औपचारिक पत्र लिखिए ।

2) गर्मियों की छुट्टियों में किसी कारणवश से घर न आसकने के लिए माँ को एक अनौपचारिक पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने बडे भाई के विवाह में अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए एक अनौपचारिक पत्र लिखिए ।

ई) उपसर्ग अलग करके लिखिए । (4×½=2)

अ) अपयश ।

आ) अवनति ।

इ) अभिमान ।

ई) उपकार ।

उ) प्रत्यय जोड़कर लिखिए । (4×½=2)

अ) नरम ।

आ) सरल ।

इ) अपना ।

ई) गुरु ।

ऊ) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर उत्तर लिखिए । (1×5=5)

एक बार किसी राजा ने अकबर से कहा, ''यदि आप मुझे एक घड़ा भरकर बुद्धि दे दें, तो मैं आपको चतुर मानूँगा''।

अकबर सोच में पड़ गए और बीरबल से उपाय पूछा । बीरबल ने कहा, ''महाराज! मैं छह महीनों में एक घड़ा भर कर बुद्धि बना लूँगा''। घर आकर बीरबल ने अपने बगीचे में कद्दू का बीज बो दिया । बीज उगे और कुछ दिनों बाद बेल पर छोटे-छोटे फल दिखने लगे । अब बीरबल ने छोटे मुँहवाला एक घड़ा लिया और घड़े को बेल के ऊपर टेढ़ा करके रखा, फिर बेल में लगे एक कद्दू को घड़े में डाल दिया । कुछ दिनों बाद वह कद्दू बढ़ते बढ़ते उस घड़े में फंस गया । बीरबल ने बेल से कद्दू को काटकर अलग किया और घड़े को अकबर को दे दिया और कहा, ''महाराज! यह है घड़े भरकर बुद्धि, इस घड़े से बुद्धि को निकाल दीजिए । याद रखिए घड़ा टूटे नहीं, बुद्धि को साबुत निकालकर मेरा घड़ा वापस कर दीजिए''।

1) राजा ने अकबर से क्या माँगा ?

2) बीरबल ने बगीचे में क्या बो दिया ?

3) बीरबल ने अकबर से कितना समय माँगा ?

4) बीरबल ने घड़ा भर बुद्धि राजा को देते समय क्या सावधानी बरतने को कहा ?

5) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए ।

ए) पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1×5=5)

मैं बचपन को भुला रही थी,
बोल उठी बिटिया मेरी ।
नंदन-वन-सी फूल उठी वह,
छोटी-सी कुटिया मेरी ।।

पाया बचपन मैंने फिर से
बचपन बेटी बन आया ।
उसकी मंजुल मूर्ति देखकर,
मुझमें नवजीवन आया ।

1) पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।

2) माँ किसे भुला रही थी ?

3) कवयित्री को अपना बचपन किस रूप में वापस मिला ?

4) 'मंजुल' का समानार्थी शब्द क्या है ?

5) कवयित्री की कुटिया किस प्रकार फूल उठी ?

---